निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांक /बा0वि0परि0/ए0डी0 कैम्प/ 2022–23, दिनांक 20 जुलाई, 2022

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/
प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

विषय :–आजादी अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के संबंध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 1939/58–1–2022, दिनांक 13.07.2022 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अर्न्तगत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के सफल कियान्ययन हेतु दिशानिर्देश दिये गये हैं। उक्त के कम में निम्नवत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जाते हैः–

1–समस्त बाल विकास परियोजना कार्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर झण्डा संहिता के नियमों का अनुपालन करते हुए दिनांक 13.08.2022 से 15.08.2022 तक प्रत्येक दिवस में झण्डारोहण सुनिश्चित कराया जाए।

2–समस्त आंगनवाडी केन्द्रों पर 3–6 वर्ष के बच्चों से राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं झण्डागीत का गायन कराया जाय। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम–देशभक्ति गीत, देशभक्ति पर फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आदि आयोजित करायी जायें। झण्डा रोहण हेतु झण्डे का आकार 30"x20" या 15"x10" का होना चाहिये।

3–कारपोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी (सी0एस0आर0), जनसहभागिता तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रधानों के माध्यम से कार्यक्रम अवधि में किसी दिवस विशेष पर बच्चों में मिष्ठान वितरण भी कराया जाय। झण्डारोहण हेतु पर्याप्त मात्रा में झण्डे की आपूर्ति दिनांक 31.07.2022 तक सुनिश्चित कर लिया जाए।

4–संस्कृति विभाग के उक्त शासनादेश दिनांक 01.06.2022 में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गयी है, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी भी सदस्य हैं। अतः जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम आयोजन के संबंध में दिये गये निर्देशों का जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

5– हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में जनपदों की परियोजनाओं में कराये गये कार्यक्रमों के फोटोग्राफ, वीडियो एवं अन्य टेस्टीमोनियल सामग्री भारत सरकार की वेबसाइट पर **harghartiranga.com** तथा उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट **harghartiranga.up.org** पर अपलोड करने के साथ साथ इस वेबसाइट पर **# Selfiewithtiranga** के माध्यम से सेल्फी खींच कर डाला जा सकता है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपद में **"हर घर तिरंगा"** कार्यक्रम में जिला प्रशासन का सहयोग करते हुये अपने स्तर से भी कार्यक्रम का सफल आयोजन कराना सुनिश्चित करें।

(डा0 सारिका मोहन)
निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या– C-124 /तद्दिनांक।

प्रतिलिपि :–1–सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र दिनांक 13.07.2022 के कम में सूचनार्थ।

2–श्री सेराज अहमद, संयुक्त परियोजना समन्वयक/नोडल अधिकारी, वेबसाइट/सोशल मीडिया को इस निर्देश के साथ कि दिनांक 22.07.2022 तक विभागीय वेबसाइट के होम पेज तथा Facebook और Twitter पर तिरंगा का आइकॉन प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

प्रशासनिक (प्रभारी) ... क० पर कार्यवाही कर अवगत कराएं 20/07/2022

(डा0 सारिका मोहन)
निदेशक।

(सेराज अहमद)
संयुक्त परियोजना समन्वयक

P.C/2022
20-7-22

कार्यालय – जिला कार्यक्रम अधिकारी, जनपद–सम्भल।

पत्रांक 595 / जि0का0अ0 / हर घर तिरंगा कार्ययोजना / 2022–23, दिनांक 26 जुलाई, 2022

विषय– "हर घर तिरंगा" कार्ययोजना।

यद्यपि "हर घर तिरंगा" योजना में विभाग को कोई लक्ष्य नहीं दिया गया है, परन्तु विभाग द्वारा अपने स्तर पर निम्न तैयारी की गई है –

1. सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों की बैठक दिनांक 10.07.2022 तथा दिनांक 18.07.2022 में अवगत कराया जा चुका है तथा उन्हें निर्देशित किया गया कि इसी प्रकार अपने कार्यालयों में मुख्य सेविका व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठकें कर इसका प्रचार प्रसार पर जोर दें।
2. जनपद में लगभग 1500 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियॉ कार्यरत व तैनात हैं। इनसे रू0 100/– की स्वोच्छिक सहयोग राशि से रू0 1,50,000 (रू0 एक लाख पचास हजार) की धनराशि संग्रह कर 1500X5 = 7500 तिरंगा क्रय की कार्यवाही की जायेगी, जिसे प्रति आंगनबाड़ी केन्द्र 05 झण्डा दिया जायेगा, जिसमें एक बड़ा झण्डा आंगनबाड़ी केन्द्र पर तथा शेष 04 झण्डे गॉव के जरूरतमंद परिवार में वितरित होगा, यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा दिनांक 11.08.2022 को किया जायेगा।
3. "हर घर तिरंगा" दिनांक 11.08.2022 से दिनांक 17.08.2022 तक मनाये जाने की तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं।

26/7/2022

जिला कार्यक्रम अधिकारी
जनपद–सम्भल।